आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार                                                    दिनांक 23.02.2025

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

- **मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है–अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपना सोशल मीडिया अकाउंट एक दिन के लिए विभिन्न क्षेत्रों की कुछ प्रेरक महिलाओं को सौंपने की घोषणा की।**

- **त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज तीसरे और अंतिम चरण में राज्य के पचास विकासखंडों में डाले गए वोट–मुख्यमंत्री ने बगिया में सपरिवार किया मतदान।**

- **छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र कल राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरु होगा–सत्र के दौरान होंगी कुल सत्रह बैठकें।**

- **कल बिहार के भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त।**

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से प्रसारित अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में दुनिया, भारत की प्रगति की सराहना कर रही है।

**स्पेस और साईंस की तरह एक और क्षेत्र है, जिसमें भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है – ये क्षेत्र है । एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस। हाल ही में, मैं एआई के एक बड़े सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पेरिस गया था। वहां दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की खूब सराहना की।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना सौवां रॉकेट छोड़ा। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि राष्ट्र दिन–प्रतिदिन अंतरिक्ष विज्ञान में नई ऊंचाइयां छू रहा है। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ने पर भी संतोष व्यक्त किया। श्री मोदी ने आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस बार महिला दिवस पर वे एक ऐसी पहल करने जा रहे हैं, जो हमारी नारी शक्ति को समर्पित होगी।

**इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूँ, जो हमारी नारी–शक्ति को समर्पित होगी। मैं अपने सोशल मीडिय अकाउंट उनको देश की कुछ इंस्प्राइंग वुमेन को, एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूँ। 8 मार्च को, वो, अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी।**

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बोर्ड की परीक्षा में भाग ले रहे छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

## त्रिस्तरीय–पंचायत चुनाव

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज तीसरे और अंतिम चरण में राज्य के पचास विकासखंडों में वोट डाले गए। तीसरे चरण में पंच पद के लिए छिहत्तर हजार एक सौ निन्यानवे, सरपंच पद के सत्रह हजार एक सौ निन्यानवे, जनपद सदस्य के चार हजार छह सौ उनसठ और जिला पंचायत सदस्य के लिए आठ सौ उनतालीस उम्मीदवारों की किस्मत मतपेटियों में कैद हो गयी है। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के तहत आज सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक वोटिंग हुई। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि आज हुए तीसरे चरण के मतदान के दौरान स्थानीय सरकार चुनने के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के अपने गृहग्राम बगीया के प्राथमिक शाला मतदान केंद्र में सपरिवार मतदान किया। वहीं, बस्तर संभाग में सुबह छह बजकर पैंतालीस मिनट से दोपहर दो बजे तक वोट डाले गए। सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक के माओवाद प्रभावित पूवर्ती गांव में आजादी के बाद पहली बार यहां के ग्रामीणों ने मतदान किया। इस दौरान ग्रामीणों में मतदान को लेकर भारी उत्साह देखा गया। मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पूवर्ती गांव और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। हमारे बस्तर संवाददाता संतोष वर्मा ने बताया कि जिले के बकावंड, तोकापाल और बास्तानार विकासखंड में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। कोंडागांव जिले के केशकाल और बड़ेराजपुर विकासखंडों में भी आज मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखंड के छत्तीस पंचायतां में भी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं, बीजापुर जिले के जनपद पंचायत भैरमगढ़ के साठ ग्राम पंचायतों के नवासी मतदान केन्द्रों में वोट डाले गए। तीसरे चरण में तीस हजार नौ सौ नब्बे पंच, तीन हजार आठ सौ दो सरपंच, एक हजार एक सौ बाईस जनपद सदस्य और एक सौ पैंतालीस जिला पंचायत सदस्यों के पद के लिए चुनाव हुआ। तृतीय चरण के मतदान के लिए ग्यारह हजार चार सौ तीस मतदान केन्द्र बनाये गए थे।

## विधानसभा—बजट सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र कल चौबीस फरवरी से शुरु होगा। इस सत्र के दौरान कुल सत्रह बैठकें होंगी। बजट सत्र की शुरुआत कल सुबह ग्यारह बजे राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण से होगी। पहले दिन कल सदन में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद सभी विधायक नवा रायपुर अटल नगर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण करेंगे। कल ही सदन में चालू वित्तीय वर्ष के लिए तीसरा अनुपूरक अनुमान पेश किया जाएगा। इस पर पच्चीस फरवरी को सदन में चर्चा होगी। वहीं, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा सत्ताईस और अट्ठाईस फरवरी को होगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आज पत्रकारों से चर्चा में बताया कि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी तीन मार्च को अगले वित्तीय वर्ष के लिए राज्य का बजट पेश करेंगे।

## नीति आयोग—रिपोर्ट

नीति आयोग द्वारा जारी अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक में छत्तीसगढ़, देश में दूसरे स्थान पर है। यह लगातार तीसरी बार है जब प्रदेश दूसरे नंबर पर आया है। पांच अलग—अलग सूचकांकों के आधार पर जारी रैंकिंग में छत्तीसगढ़ को पचपन दशमलव दो अंक प्राप्त हुए हैं। भारत में राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य के बारे में समझ विकसित करने के लिए नीति आयोग द्वारा यह पहल की गई है। नीति आयोग की रैंकिंग में देश के अट्ठारह प्रमुख राज्यों को शामिल किया गया। ये राज्य भारत की जीडीपी, छत्तीसगढ़ का खनिज से राजस्व जुटाने में लगातार अच्छा प्रदर्शन, जनसांख्यिकी, कुल सार्वजनिक व्यय, राजस्व और समग्र राजकोषीय स्थिरता में उनके योगदान के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाते हैं।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल चौबीस फरवरी को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त के रूप में तीन लाख अड़सठ हजार करोड़ रूपये किसानों के खाते में अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम में देशभर के दो करोड़ पचास लाख किसान शामिल होंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत सीधे छह हजार रूपये तीन किस्तों में किसानों के खाते में अंतरित किए जाते हैं और अब तक तीन करोड़ छियालीस लाख रूपये किसानों के खाते में अंतरित किए जा चुके हैं।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव `के लिए बनाए गए नियमों में भेदभाव का आरोप लगाया है। सराफा एसोसिएशन का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया को केवल रायपुर केंद्रित बनाकर अन्य जिलों के व्यापारियों को जानबूझकर बाहर रखा जा रहा है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने इस मुद्दे को लेकर चैंबर के चुनाव अधिकारी और सहायक चुनाव अधिकारी को लिखित शिकायत भेजी है, जिसमें चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

## शिवरीनारायण महोत्सव

जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में आज से शिवरीनारायण महोत्सव शुरू हो गया है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने चार दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश और भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े मौजूद थे। महोत्सव के दौरान लोक कलाकार और स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## मौसम

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के न्यूनतम तापमान में एक बार फिर मामूली गिरावट हो सकती है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**